प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

30 नवंबर 2022

# बैंक ऋण का क्षेत्र-वार अभिनियोजन – अक्तूबर 2022

अक्तूबर 2022[1] महीने के लिए 40 चुनिंदा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से जुटाए गए बैंक ऋण के क्षेत्र-वार अभिनियोजन संबंधी आंकड़ें, जो सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा अभिनियोजित कुल खाद्येतर ऋण का लगभग 93 प्रतिशत होता है, विवरण I और II में दिए गए हैं।

वर्ष-दर-वर्ष (व-द-व) आधार पर देखें तो, खाद्येतर बैंक ऋण[2] में अक्तूबर 2022 में 18.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि एक वर्ष पहले यह 6.9 प्रतिशत थी।

**बैंक ऋण के क्षेत्र-वार अभिनियोजन की मुख्य बातें नीचे दी गई हैं :**

- अक्तूबर 2022 में कृषि और संबद्ध कार्यकलापों के लिए प्रदत्त ऋण में 13.6 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि हुई, जबकि एक वर्ष पहले यह 10.8 प्रतिशत थी।
- उद्योग क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में अक्तूबर 2021 में 3.3 प्रतिशत की तुलना में अक्तूबर 2022 में 13.6 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि हुई। आकार के अनुसार देखें तो, बड़े उद्योग को प्रदत्त ऋण में एक वर्ष पहले के 0.4 प्रतिशत की गिरावट की तुलना में 10.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। मध्यम उद्योगों को प्रदत्त ऋण में पिछले वर्ष के 35.1 प्रतिशत की तुलना में अक्तूबर 2022 में 31.0 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि सूक्ष्म और लघु उद्योगों को प्रदत्त ऋण में एक वर्ष पहले के 14.6 प्रतिशत की तुलना में 20.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई।
- उद्योग के भीतर, 'सभी इंजीनियरिंग', 'मूल धातु और धातु उत्पादों', 'पेय पदार्थ और तंबाकू', 'सीमेंट और सीमेंट उत्पादों', 'रसायन और रासायनिक उत्पादों', 'निर्माण', 'खाद्य प्रसंस्करण', 'कांच और कांच के बने पदार्थ', 'अवसंरचना', 'चमड़ा और चमड़े के उत्पादों', 'खनन और उत्खनन', 'पेट्रोलियम, कोयला उत्पादों और परमाणु इंधनों', 'वाहन, वाहन के पुर्जों और परिवहन उपकरण' एवं 'लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों' के लिए प्रदत्त ऋण में वृद्धि अक्तूबर 2022 में पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में बढ़ी। हालांकि, 'रत्न और आभूषण', 'रबड़, प्लास्टिक और उसके उत्पादों', 'कागज और कागज के उत्पादों' एवं 'कपड़ा' की ऋण वृद्धि में गिरावट आई।

---

[1] आंकड़ें माह के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार से संबंधित हैं।
[2] खाद्येतर ऋण के आंकड़ें माह के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार हेतु धारा – 42 विवरणी पर आधारित हैं, जिसमें सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) शामिल हैं।

- सेवा क्षेत्र को प्रदत्त ऋण एक वर्ष पहले के 2.8 प्रतिशत से बढ़कर अक्तूबर 2022 में 22.5 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) हो गया, जो मुख्य रूप से 'एनबीएफसी', 'वाणिज्यिक स्थावर-संपदा' और 'व्यापार' क्षेत्रों द्वारा ऋण उठाव में सुधार की वजह से था।

- अक्तूबर 2022 में वैयक्तिक ऋण 20.2 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) बढ़ा, जो मुख्यतः 'आवास' और 'वाहन ऋणों' द्वारा प्रेरित था।

**रूपांबरा**

**प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/1281** निदेशक (संचार)